कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, बांसवाडा (राज0)

क्रमांक / स्था. / 2023 / 152 दिनांक : 22/09/23

–: कार्यालय आदेश :–

बांसवाड़ा न्यायक्षेत्र के सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, गढ़ी में सेवारत शेरिस्तेदार ग्रेड तृतीय कर्मचारी श्री जोरावर सिंह पुत्र श्री नाथु सिंह की सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाने पर उसकी ओर से उसके आश्रित पुत्र श्री कुन्दन सिंह, जिसकी जन्म दिनांक 09.02.1998 हैं को इस कार्यालय के आदेश संख्या 10 दिनांक 23.01.2023 द्वारा राजस्थान मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम, 1996 के प्रावधानान्तर्गत तथा राजस्थान अधीनस्थ न्यायालय मंत्रालयिक संस्थापन नियम 1986 (संशोधित नियम 1999) एवं राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन), नियम 2022 के प्रावधानों के अन्तर्गत बांसवाड़ा न्यायक्षेत्र में लिपिक ग्रेड द्वितीय के पद पर तदर्थ आधार पर नियमित नियुक्ति प्रदान की गई हैं।

राजस्थान मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम 1996 के नियम 09 के तहत् अनुकम्पात्मक नियुक्ति प्राप्त कार्मिक को तीन वर्ष के अन्दर नियमानुसार टंकण परीक्षा उत्तीर्ण किया जाना आवश्यक होता हैं। इस प्रकार बांसवाड़ा न्यायक्षेत्र में वर्तमान में अनुकम्पात्मक नियुक्ति प्राप्त कार्मिक श्री कुन्दन सिंह, लिपिक ग्रेड द्वितीय की टंकण परीक्षा लिए जाने हेतु निम्नानुसार दो सदस्यीय समिति का गठन किया जाता हैं :–

01. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एंव मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांसवाड़ा (राज.)	अध्यक्ष
02. अति. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांसवाड़ा (राज.)	सदस्य

उक्तानुसार समिति द्वारा श्री कुन्दन सिंह, लिपिक ग्रेड द्वितीय के राजस्थान मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम 1996 के नियम 09 के तहत् टंकण परीक्षा हेतु तिथि निर्धारित कर टंकण परीक्षा आयोजित की जावे। परीक्षा के संबंध में प्रार्थी को नियमानुसार सूचित किया जाना सुनिश्चित करावें। समिति द्वारा उक्त परीक्षा का आयोजन कर परीक्षा परिणाम इस कार्यालय को भिजवावे।

22/09/2023

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
बाँसवाडा (राज.)

क्रमांक / स्था. / 2023 / 6848 – 6853 दिनांक :

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

01. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांसवाड़ा।
02. अति. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांसवाड़ा।
03. सूचनार्थ / व्यक्तिगत पंजिका श्री कुन्दन सिंह ....।
04. सिस्टम असिस्टेंट, जिला एवं सेशन न्यायालय, बांसवाड़ा।
05. स्थापना शाखा।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
बाँसवाडा (राज.)